श्याम मेरी चुनर पे,
रंग मत डाल,
विनती करूं पैया पड़ु,
तोरे बार-बार।।

तर्ज श्याम तेरी बंसी।

भर पिचकारी कान्हा,
सन्मुख ना मारो,
अबीर गुलाल मेरे,
मुख पे ना डारो,
आज आई -2,
करके मैं सोलह श्रृंगार,
विनती करूं पैया पड़ु,
तोरे बार-बार।।

बीच बजरिया,
ना रोको मुरारी,
जाने दो श्याम,
मत आवो अगाड़ी,
पकड़ो ना बहिया जी-2,
पराई हू नार,
विनती करूं पैया पड़ु,
तोरे बार-बार।।

संग सहेली सब,
हांसी करेगी,
सास ननंद की मोहे,
डांट पड़ेगी,
झगडेंगे सैया जी-2,
घर पे हमार,
विनती करूं पैया पड़ु,
तोरे बार-बार।।

मंत्री कहे विनती,
अब सुन लो हमारी,
भक्त दयाल रहे,
शरण तुम्हारी,
श्याम तेरे चरणों में-2,
जाऊं बलिहार,
विनती करूं पैया पड़ु,
तोरे बार-बार।।

श्याम मेरी चुनर पे,
रंग मत डाल,
विनती करूं पैया पड़ु,
तोरे बार-बार।।

गायक द्वारका मंत्री।
देवास मध्य प्रदेश 94250 47895
लेखक रामेश्वर दयाल जी आसावा इंदौर।

Source: https://www.bharattemples.com/shyam-meri-chunar-pe-rang-mat-daal/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw